JAIPUR INTERNATIONAL FILM FESTIVAL
47, Saket Nagar (Shyam Nagar), Behind Shyam Nagar Metro Station
New Sanganer Road, Jaipur Rajasthan, INDIA 302 019

Press release (28 October, 2015)

जिफ प्रतियोगिता श्रेणी की फिल्मों की पहली सूची जारी

जयपुर। विश्व सिने जगत में अपनी पहचान बना चुके जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) के अगले समारोह में प्रतियोगिता श्रेणी में शामिल की जाने वाली फिल्मों की पहली सूची आज जारी कर दी गयी।

इस पहली सूची में कुल 87 फिल्में शामिल की गयी हैं। इस सूची में सबसे अधिक 20 फिल्में भारत से है जबकि संख्या में दूसरे स्थान पर अमेरिका (15 फिल्में) रहा है।

भारत के अलावा अन्य 67 फ़िल्में जर्मनी, अमेरिका, कनाडा, स्पेन, फ्रांस, चीन, फिनलैंड आस्ट्रिया, सिंगापुर, ईरान, आयरलैंड , इंगलैंड, पोलैंड, इजराइल और स्विट्जरलैंड से है।

फिल्म फेस्टिवल में शामिल करने के लिए अब तक 1711 प्रविष्टियां आईं थीं जिनमें से चयनकर्ताओं ने ये फिल्में चुनी। चयनित फिल्मों की पहली सूची में 13 फीचर फिल्में , 13 डाक्यूमेंट्री फीचर फिल्मे, 09 शार्ट डाक्यूमेंट्री फिल्में, 12 एनिमेशन शार्ट फिल्में , 35 शार्ट फिक्शन फिल्में और 3 फीचर फिल्में, एक डाक्यूमेंट्री फीचर फिल्म और एक एनीमेशन फीचर फिल्म स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए चयनित की गयी हैं।

फिल्मो को चयन मंडल के 20 सदस्यों ने चुना है जिनमें 13 सदस्य भारतीय है तथा 7 अन्य देशों से हैं।

चयनित फीचर फिल्मों में कुछ इस प्रकार से हैं: 'श्री ऑब्सेसंस' (बंगाली - भारत), 'एक होता वाल्या' (मराठी - भारत), 'माय एनिमीज़' (कनाडा), 'अन्टिल अहमद रिटर्न्स' (ईरान), 'वाइल्ड लाइक' (अमेरिका),, 'ऐब्सलूशन' (फिनलैंड और आयरलैंड)।

JAIPUR INTERNATIONAL FILM FESTIVAL
47, Saket Nagar (Shyam Nagar), Behind Shyam Nagar Metro Station
New Sanganer Road, Jaipur Rajasthan, INDIA 302 019

चयनित फिल्मो की दूसरी और अंतिम सूची नवम्बर माह के अंत तक जारी की जाएगी।

जिफ के आयोजकों में फिल्म फेस्टिवल के लिये आ रही प्रविष्टियों को लेकर जबरदस्त उत्साह है। इस बार पिछली बार की अपेक्षा 30 प्रतिशत अधिक प्रविष्टियां आ रही हैं जिससे यह साबित होता है कि विश्व भर में जिफ अपनी साख और धाक जमा रहा है।

नोट: चयनित फिल्मों की सूची संलगन है.

आपका

राजेन्द्र बोड़ा

प्रवक्ता - जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

मो: + 91-9829051075

Off: +91-141-6500601 Mob: +91-8003937961 Website: www.jiffindia.org